आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 28.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से गांधी जयंती पर खादी उत्पाद खरीदने की अपील की।
- प्रधानमंत्री ने आगामी त्यौहारों के दौरान अपने घरों, बाजारों और गांवों में विशेष स्वच्छता अपनाने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पेपर मामले की जाँच के निष्कर्षों के आधार पर, सरकार छात्रों की आकांक्षाओं के अनुरूप निर्णय लेगी।
- शारदीय नवरात्र पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन की धूम।
- **और,** एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी को अपनाने पर बल दिया, जिसमें खादी सबसे प्रमुख थी। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान देश में खादी के प्रति आकर्षण बहुत बढ़ा है और इसकी बिक्री में भी तेज़ी आई है। श्री मोदी ने देशवासियों से आगामी दो अक्तूबर को कोई न कोई खादी उत्पाद खरीदने और उसे वोकल फॉर लोकल हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने लोगों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को स्मरण रखते हुए आगामी त्यौहारों को स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने त्यौहार के दौरान केवल घर ही

नहीं, बल्कि सड़कों, पड़ोस, बाजार और गांव की भी स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और गायिका लता मंगेशकर की जयंती होने के कारण मन की बात की यह कड़ी विशेष महत्वपूर्ण हो गई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में मन की बात का 126वां एपिसोड सुना। मुख्यमंत्री ने कहा यह कार्यक्रम देश को नई सोच और सकारात्मक दिशा देने वाला है।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार राज्य के युवाओं के साथ अन्याय नहीं होने देगी। आज नैनीताल में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह' को संबोधित करते हुए, श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पेपर मामले की जाँच चल रही है। जाँच के निष्कर्षों के आधार पर, सरकार छात्रों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप निर्णय लेगी।

इस अवसर पर छात्रों से संवाद करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। शिक्षा को मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा को और अधिक व्यावहारिक बनाने के लिए राज्य में नई शिक्षा नीति लागू की गई है।

गुलाबी कांठा बुग्याल

उत्तरकाशी जिले के यमुना घाटी स्थित गुलाबी कांठा बुग्याल को वर्ष 2025 का ट्रेक ऑफ द ईयर घोषित किया गया है। इसी कड़ी में पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल ने देहरादून से 'ट्रेक ऑफ द ईयर 2025' के लिए चयनित 21 सदस्यीय गुलाबी कांठा ट्रेक टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दल में 21 प्रतिभागी शामिल किए गए हैं जो कि देश के विभिन्न राज्यों से हैं। गुलाबी कांठा ट्रेक को चुनने का उद्देश्य उत्तराखण्ड में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना और प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करना है।

रामलीला मंचन

शारदीय नवरात्र पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर रामलीला मंचन की धूम मची हुई है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर रामलीलाओं का मंचन जारी है। शारदीय नवरात्रि से शुरू हुआ रामलीला महोत्सव 2 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन संपन्न होगा। रामलीला मंचन से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिलता है।

चम्पावत और बागेश्वर जिलों में विभिन्न स्थानों पर राम जन्म, धनुष यज्ञ, दशरथ–कैकेयी संवाद और वनवास जैसे दृश्यों का मनमोहक मंचन किया जा रहा है। चम्पावत के लोहाघाट में 125 वर्षों से रामलीला का मंचन होता आ रहा है। श्रीराम सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह मेहता ने बताया कि इस दौरान लोगों को नशा मुक्ति और सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौड़ी जिले के चौबट्टाखाल स्थित राजकीय महाविद्यालय में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सामाजिक दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे जन शिकायतों को गंभीरता से लें और यदि वे व्यस्तता के कारण कॉल का उत्तर नहीं दे पा रहे हैं, तो बैक कॉल करें। श्री महाराज ने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी सीधे जनता तक पहुँच रही है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि शिविर में जो भी शिकायतें/समस्याएं रखी गयी हैं, उनका समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

एशिया कप

एशिया कप टी–20 क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार रात 8 बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के 41 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब दोनों टीमें फाइनल खेलेंगीं।